## Celebration of National Days

ताओं ने कहा कि असारी, मसूद आलम आदि थे। प्रमुख सचिव (गृह) को प्रार्थना पत्र भेजा है। संवाद

# ऑनलाइन मनाया गया राष्ट्रीय अखंडता दिवस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कौमी एकता सप्ताह में बृहस्पतिवार को अर्थशास्त्र विभाग की ओर से राष्ट्रीय अखंडता दिवस मनाया गया। गूगल मीट एप पर ऑनलाइन आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. पीएन डोंगरे ने विचार रखे।

प्राचार्य डोंगरे ने सामाजिक सौहार्द, राष्ट्र के समस्त वर्गों के उत्थान और सशक्तीकरण में वसुधैव कुटुंबकम की प्राचीन संस्कृति को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. किरण शर्मा और अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अवस्थी ने राष्ट्रीय अखंडता के महत्व को समझाया। विद्यार्थियों में कनिष्का गुप्ता, अंकिता शुक्ला, प्रीतेश पांडेय, नेहा शुक्ला, ईश्वरचंद्र यादव, अभिनव तिवारी, अंकिता तिवारी आदि ने भाषण और कविताओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण, महिला सुरक्षा और शिक्षा के साथ ही कमजोर वर्गों के विकास पर विचार रखे। आयोजन में डॉ. शुभ्रा श्रीवास्तव, रमेश चंद्र यादव, रोशन प्रसाद, डॉ. आलिया रिफत, डॉ. सर्वेशानंद, प्रमोद कुमार सिंह, संजय, प्रतीक उपाध्याय आदि रहे।








## Gandhi Jayanti




## Republic Day



**Voter Awareness Day**

# देश के विकास के लिए मतदान अत्यंत जरूरी

## विविध आयोजन

ज्ञानपुर | निज संवाददाता

कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी राजेंद्र प्रसाद की मौजूदगी में मतदाता दिवस मनाया गया। इसमें मौजूद अधिकारी-कर्मचारी को डीएम ने मतदान करने का शपथ ग्रहण कराया।

इस दौरान कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र हित में वोटिंग करना अत्यंत जरुरी है। हर व्यक्ति का वोट देश के भावी भविष्य का नींव रखता है। इसलिए हर व्यक्ति मतदान जरुर दिलाई करें। देश में जितना निर्वाचन होता है उन्हें निष्पक्षता से संपन्न कराने की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग की होती है। भारत निर्वाचन आयोग का गठन भारतीय संविधान के लागू होने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को हुआ था। क्योंकि 26 जनवरी वर्ष 1950 को भारत एक गणत्रांत्रिक देश बनने वाला था और भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग का गठन हुआ।

**छात्राओं ने मतदान का शपथ की ग्रहण :** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में सोमवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यअतिथि रहे एसडीएम आशीष कुमार मिश्र व तहसीलदार तनुजा निगम में छात्राओं व शिक्षकों को मतदान करने का शपथ ग्रहण कराया।

इस दौरान एसडीएम ने कहा कि मतदान करना हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी होती है। मतदान के दिन शत-प्रतिशत वोटिंग करें इसलिए जागरुक होना अत्यंत जरुरी है। इसके साथ ही छात्राओं ने नाट्य मंचन की प्रस्तुति कर मतदान के महत्वव को बताया। इस मौके पर डा. बृजकिशोर, डा. आराधना वर्मा, मो. आकिफ समेत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

**सब काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो का गूंजा स्वर :सुरियावां।** घनश्याम दूबे महाविद्यालय सुरियावां में सोमवार को राष्ट्रीय मतदान दिवस पर विद्यार्थियों ने वोटिंग के प्रति जन-जन को जागरुक किया। मलिन बस्तियों में जाकर विद्यार्थियों ने सब काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो का नारा लगाते हुए भ्रमण किया।

मुख्यअतिथि रहे महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य श्रीराम जीत उपाध्याय ने मतदान करने का शपथ ग्रहण कराया। कहा कि निर्वाचन में शत-प्रतिशत वोटिंग तभी संभव होगा जब हर वर्ग इसके प्रति गंभीर रहेगा। हमारा क्या अधिकार है यह वोट ही निर्धारित करता है। हम जैसे व्यक्ति को वोटिंग करेंगे हमारे देश का वैसा ही विकास होगा।



केएनपीजी कालेज में सोमवार को मतदाता जागरूकता गोष्ठी के बाद रंगोली का अवलोकन करते लोग। • हिन्दुस्तान




डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली रैली। • हिन्दुस्तान

## बगैर किसी लालच के वोट करने की दिलाई शपथ

भदोही/घोसिया | हिन्दुस्तान टीम

### किया जागरूक

- भदोही, ज्ञानपुर व औराई तहसील में दिवस पर कार्यक्रम
- एसडीएम ने तहसील कर्मियों व अधिवक्ताओं को दिलाई शपथ

राष्ट्रीय मतदाता दिवस सोमवार को जनपद में धूमधाम से मनाया गया। औराई व भदोही व ज्ञानपुर तहसील में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। औराई में एसडीएम व भदोही में तहसीलदार ने अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही अधिवक्ताओं को भी मतदान करने की शपथ दिलाई।

एसडीएम औराई आशीष कुमार मिश्रा ने कहा कि भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का सिलसिला शुरू किया, जिसके बाद मतदान के ग्राफ में आशातीत बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुसार सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जा रही है, जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी। इस दिशा में बीएलओ द्वारा उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा भी जा रहा था। साथ ही जिनकी मृत्यु हो चुकी है, जो बाहर रहते हैं अथवा जिनका नाम दो स्थानों पर है, उनका नाम सूची से काटने का काम कराया जा रहा है। इसी तरह भदोही तहसील में तहसीलदार विजय यादव ने शपथ दिलाई।

## मतदान करने की दिलाई गई शपथ



केएनपीजी कालेज में सोमवार को मतदान के लिए शपथ ग्रहण कराते एडीएम शैलेंद्र कुमार मिश्र। • हिन्दुस्तान

ज्ञानपुर | निज संवाददाता

काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को 11वीं राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता दिवस का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार प्रलोभन रहित मतदान करने का शपथ ग्रहण कराया। देश विकास में मतदान का क्या महत्व है इस विषय में विस्तृत जानकारी।

इस दौरान एडीएम ने कहा कि देश विकास में मतदान की अहम भूमिका होता है। हर नागरिक का दायित्व बनता है कि अपने मताधिकार का उपयोग करे। वोटिंग के वक्त उसे किसी प्रलोभन में नहीं आना चाहिए। ऐसे व्यक्ति को अपना अमूल्य वोट दें जो विकास कार्य को प्राथमिकता से कराएं। वोटिंग के वक्त किसी प्रलोभन व स्वास्र्थ में नहीं आना चाहिए। जिस तरह हम हर दायित्व का निर्वहन करते हैं उसमें वोटिंग करना अहम हिस्सा है। वहीं, मतदाता जागरुकता के तहत छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग, स्लोगन व रंगोली के माध्यम से लोगों को वोटिंग के प्रति प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता में रोजी बानो प्रथम, सिद्धार्थ द्वितीय व प्राची दूबे ने तृतीय स्थान हासिल की। रंगोली में ग्रुप 14 प्रथम, ग्रुप 18 द्वितीय व ग्रुप 16 तृतीय स्थान पर रहा। पोस्टर प्रतियोगिता में राज सेठ प्रथम, ज्योति मोदनवाल द्वितीय व शिवम मौर्य तृतीय रहे। विजेता विद्यार्थियों को एडीएम व एसडीएम चंद्रशेखर ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्राचार्य डा. पीएन डोंगरे, डा. कामिनी वर्मा, डा. रविंद्र कुमार, डा. अवधेश सिंह, डा. मोनिका, डा. ऋचार, डा. अमित गोयल, डा. घनश्याम मिश्र आदि थे।

काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, भदोही में आज दिनांक 06 फरवरी, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में श्रमदान के पश्चात **"ऊर्जा एवं जल संरक्षण"** विषय पर निबंध, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में राज सेठ प्रथम, रवि कन्नौजिया द्वितीय तथा किरण विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में मनीषा सिंह प्रथम, मानसी शुक्ला द्वितीय तथा हर्षिता गुप्ता तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में धैर्य तिवारी प्रथम, रोजी बानो द्वितीय तथा उपासना जायसवाल तृतीय स्थान पर रहे।

उक्त विषय पर आयोजित संगोष्ठी के मुख्य वक्ता मनोज कुमार अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग रहें। उन्होंने कहा ऊर्जा संरक्षण की जागरूकता समाज में अभी भी कम है हमें ऊर्जा के उपकरण को अनावश्यक नहीं चलाना चाहिए। पंखा, कूलर, ए0 सी0 की आवश्यकता न होने पर बंद कर देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित डॉ0 कमाल अहमद सिद्दिकी ने जल तनाव की परिकल्पना प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमें भूजल का दोहन नियंत्रित मात्रा में करना चाहिए। डॉ0 जय सिंह यादव ने कहा कि प्रदूषित पानी के उपयोग से बहुत ज्यादा मौतें होती हैं इसलिए हमें पानी को स्वच्छ रखने का प्रयास करना चाहिए। डॉ0 बालकेश्वर प्रजापति ने कहा की वृक्षों की जड़ों में जल का संरक्षण होता है इसलिए अधिकाधिक पौधरोपण करना चाहिए।








# प्रदूषण कम करनेमें वृक्षोंका सर्वाधिक योगदान

ज्ञानपुर। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण मे वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत आज सोमवार को छायादार वृक्ष कदम्ब टिम्बर वृक्ष सागौन और फलदार वृक्ष आम और अमरूद का रोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियो को सम्बोधित करते हुए डा.कमाल अहमद सिद्दीकी विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान ने कहा कि प्राकृकि संतुलन बनाये रखने में वृक्षो की उपयोगिता है। वर्षा जल के बहाव को रोककर बाढ की सम्भावना कम करना और मृदा का संरक्षण वृक्षो द्वारा ही होता है। वृक्ष वायुमण्डल में कार्बन डाई आक्साइड तथा आक्सिजन का संतुलन बनाये रखने मे सहयोग करते है। वातावरण के तापमान को वृक्ष ही नियंत्रित करते है। पर्यावरण प्रदूषण को कम करने मे वृक्षो का सर्वाधिक योगदान है। वृक्ष अमूल्य प्राकृतिक सम्पदा है और इनकी जननिक विविधता की रक्षा की जानी चाहिए। इसलिए सम्पूर्ण विश्व को ईमानदारी एवं समर्पण की भावना से वृहद स्तर पर वृक्षारोपन उनका संरक्षण एवं प्रबंधन हेतु जन आन्दोलन चलाना होगा। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. रमेश चन्द यादव ने कहा कि वृक्ष लगाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। समाज के हर व्यक्ति को वृक्षारोपण में प्रतिभाग करनी चाहिए। इस अवसर पर डा.रविन्द्र कुमार, हेमंत, अवशेश, मिश्र, विवेक पाण्डेय, दीपेश कामिनी वर्मा, धीरज गुप्ता, विनय कुमार, अमित कुमार आदि रहे।

